

# 8 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म

## चॉकलेट का दिया था लालच

**आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 मार्च. ईंटखेड़ी थाना पुलिस ने 8 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. बच्ची की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने आरोपी को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया.**

मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में आरोपी धर्मेंद्र (41) ने मासूम को चॉकलेट दिलाने का लालच देकर अपने पास बुलाया. इसके बाद बच्ची को लेकर आरोपी उसे अपने घर ले गया, जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया.

इस दौरान बच्ची के रोने और चीखने की आवाज भी कुछ ग्रामीणों ने सुनी. मौके पर पहुंचे लोगों ने बच्ची के साथ आरोपी को आपत्तिजनक हालत में देखा. आरोपी धर्मेंद्र पर ग्रामीणों का गुस्सा फूटा और लोगों ने जमकर उसकी धुनाई कर दी. घटना की जानकारी तुरंत ही पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है.

# पानी में कार गिरने से चालक की मौत, दो घायल

## फेंसिंग का तार और खंबे को तोड़ते हुए कार पानी में गिरी

**भोपाल, 7 मार्च. अयोध्या नगर क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक तेज रफ्तार में जा रही कार गहरे पानी में गिर गई.**

इस हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि दो सवार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. घायलों का इलाज जारी है. मिली जानकारी के मुताबिक अरेड़ी के पास स्थित कंचन खदान में देर शाम को एक कार फेंसिंग का तार और खंबे को तोड़ते हुए पानी में जा गिरी. घटना की सूचना मिलने पर पानी में डूबी कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाला लिया गया. अयोध्या नगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि मृतक की पहचान रोहित माली के रूप में की गई है. अरेड़ी क्रेशर बस्ती कंचन खदान के करीब से जब वह कार से तेजी से जा रहा था. इस दौरान कार अनियंत्रित हो गई और बड़ा हादसा हो गया. पुलिस और नगर निगम की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर युवक को पानी से बाहर निकाला.

मृतक ओला कैब का चालक था. वह सवारी को छोड़ने के बाद पिपरिया जाहिर पीर से उसने दो दोस्तों को कार में बैठाया था. अयोध्या नगर थाना पुलिस हादसे की जांच में जुटी है.

# गौमांस मामले में कोर्ट में चालान पेश

## कंटेनर में गौमांस पकड़े जाने की पुष्टि

**एसआईटी ने मामले में चालान कोर्ट में किया पेश**

**56 दिन पहले हुई थी आरोपियों की गिरफ्तारी**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 मार्च. नगर निगम के स्लाटर हाउस से बीते दिनों निकले कंटेनर में गौमांस पकड़े जाने की पुष्टि हुई है. इस पूरे मामले में एसआईटी की जांच फिलहाल जारी है. एसआईटी ने संबंधित मामले में चालान कोर्ट में पेश कर दिया है.**

अब तक की अपनी जांच रिपोर्ट में एसआईटी ने मौके पर मिले ट्रक से 26 टन पैकेट्स को गौमांस बताया है. कोर्ट में संबंधित मामले में चालान तब पेश किया गया, जब आरोपियों की गिरफ्तारी के 56 दिन बीत चुके है.

एसआईटी की जांच में भी मांस गाय का ही होने की पुष्टि हुई है. 17 दिसंबर 2025 को गो मांस से भरा कंटेनर मिला था. 26 टन से अधिक गोमांस अलग-अलग पैकेट में बरामद किया था. मामले में स्लाटर हाउस संचालक असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा और कंटेनर के ड्राइवर शोएब की गिरफ्तारी हो चुकी है. मामले में करीबन पांच सौ पन्नों का चालान पेश किया है. चालान में मथुरा के लैब की जांच रिपोर्ट पेश की गई है. बताया जा रहा है कि हैदराबाद के लैब भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट अभी तक नहीं आने से उसकी जांच रिपोर्ट पेश नहीं की गई है. मामले में की जा रही कार्रवाई को लेकर श्री हिन्दू उत्सव समिति और संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने एसआईटी की जांच में सिर्फ असलम चमड़ा और कंटेनर के ड्राइवर को अपराधी बनाकर चालान पेश करने पर विरोध जताया है. तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मामले में हस्तक्षेप करें और अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए. उन्होंने कहा कि इस पर निष्पक्ष रूप से जांच होनी चाहिए.

**इनका कहना है**

एसआईटी ने कोर्ट में चालान पेश किया है. विवेचना जारी है.

**संजय कुमार, पुलिस कमिश्नर, भोपाल**

# खुदकुशी कर प्रेमिका को ठहराया जिम्मेदार

**मौके से सुसाइड नोट बरामद**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 मार्च. अशोका गार्डन क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने आत्महत्या कर सुसाइड नोट में अपनी कथित प्रेमिका को इसका जिम्मेदार ठहराया है. शनिवार को पुलिस ने मौके पर मिले सुसाइड नोट को बरामद कर जांच शुरू कर दी है.**

मिली जानकारी के मुताबिक दीपक गुर्जर (24) सेठी नगर में रहता था. शनिवार की सुबह दीपक का शव उसके घर की रेलिंग पर उसकी मां की साड़ी के फंदे से लटका मिला. घटना की सूचना तुरंत ही अशोका गार्डन थाना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने दीपक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद किया, जिसमें दीपक ने अपनी मौत का जिम्मेदार प्रेमिका को बताया है. पुलिस ने अब दीपक की हैंडराइटिंग की जांच करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है.

पुलिस को मिले सुसाइड नोट में दीपक ने अपनी प्रेमिका से प्यार में धोखा खाने, अलग-अलग धर्म में होने के चलते शादी नहीं हो पाने और प्रेमिका की तरफ से उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का जिक्र किया गया है. पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर हैंडराइटिंग जांच के लिए भेजा दिया है. दीपक ने प्रेमिका से 6 से 7 साल से अपने रिलेशनशिप का हवाला पत्र में दिया है, उसने यह लिखा है कि दोनों ने साथ में शादी करने का वादा पहले ही किया था.

## हमला करने वालों की तलाश जारी

खजूरी सड़क थाना पुलिस ने एक रेस्टोरेंट में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान अज्ञात बदमाशों की तरफ से किए गए जानलेवा हमले पर केस दर्ज किया है. स्काई लैंड गार्डन में बुधवार को होली मिलन कार्यक्रम था. आयोजक अनिल चौहान ने पुलिस को बताया कि होली सेलिब्रेशन पार्टी के दौरान कुछ अज्ञात बदमाश उनके कार्यक्रम में शामिल हुए. बदमाशों ने इस दौरान विवाद करते हुए पार्टी में शामित तीन लोगों पर चाकू से हमला कर दिया था.

## शातिर चोर ले भागा एसआई की मोटरसाइकल

**भोपाल.** मंगलवारा थाना क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति आंख से काजल चुराने की कहावत को चरितार्थ करते हुए यातायात व्यवस्था में ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक की मोटरसाइकल ले भागा. मामला शुक्रवार को भारत टाकीज क्षेत्र का है.यातायात पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी. एसआई मलखान ने अपनी मोटरसाइकल पास ही में खड़ी कर दी थी और वे अपने कार्य में जुट गए. कुछ समय बाद उनकी नजर घूमी, तो पाया कि मोटरसाइकल वहां नहीं है. पुलिस का अमला सक्रिय हुआ, लेकिन बाइक नहीं मिली. आखिरकार इस मामले की रिपोर्ट मंगलवारा थाने में दर्ज करायी गयी. एक व्यक्ति मोटरसाइकल चुराते हुए कैमरे में कैद हुआ है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा.

# रंगपंचमी पर भोपाल का यातायात रहेगा डायवर्ट

## ट्रैफिक पुलिस ने किए निर्देश जारी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 मार्च. ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को रंगपंचमी के अवसर पर आयोजित चल समारोह के दौरान पुराने शहर की यातायात डायवर्सन व्यवस्था को लेकर निर्देश जारी किए हैं. सुबह 8 बजे मार्गों को परिवर्तित किया गया है.**

चल समारोह जनकपुरी सुभाष चौक (सराफा चौक) से प्रारंभ होकर लोहा बाजार, जुमेराती, जनकपुरी, सिंधी मार्केट, भवानी मंदिर सोमवारा से होते हुए लखेरापुरा, पीपल चौक, चिंतामन चौराहे से इतवारा जैन मंदिर, मंगलवारा थाने के सामने से कुंदन नमकीन से घोड़ा नक्कास, अग्रवाल पुड़ी भंडार, छोटे भैया कॉर्नर से हनुमानगंज रोड स्थित हुनमान मंदिर पर पहुच कर समाप्त होगा. लोक परिवहन/सभी प्रकार के चार पहिया वाहन/सवारी वाहन मोती मस्जिद चौराहे से बुधवारा चौराहे की ओर, तलैया तिराहा से बुधवारा की ओर, भारत टॉकीज से इतवारा की ओर, चौकी इमामबाड़ा से जुमेराती की ओर, नादरा बस स्टैंड से घोड़ा नक्कास की ओर, अल्पना तिराहे से नादरा बस स्टैंड की ओर, भोपाल टॉकीज चौराहे से नादरा बस स्टैंड की ओर, काजी कैंप से सिंधी कॉलोनी की ओर आवश्यकतानुसार आवागमन परिवर्तित मार्ग से चल सकेंगे.

### पुलिस को देना जरूरी कार्यक्रमों की सूचना

**भोपाल.** शहर में कार्यक्रमों की पूर्व सूचना पुलिस विभाग को देना जरूरी है. लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से इसके तहत विभागीय आदेश जारी किया किया है. आदेशानुसार नगरीय क्षेत्र में विभिन्न समुदाय, संगठन, राजनैतिक दलों, समिति, प्रतिनिधि मण्डल एवं आयोजकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर, त्यौहारों पर एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए किए जाने वाले धरना/ प्रदर्शन/ आंदोलन/ जुलूस/ रैली/ आमसभा/पुतला दहन/पद यात्रा/रथ यात्रा/कार्यालय, निवास व शासकीय भवन का घेराव/ज्ञापन आदि कार्यक्रम किए जाते हैं. ऐसे कार्यक्रम सार्वजनिक स्थानों पर किए जाते हैं, जिनमें पुलिस एवं यातायात की समुचित व्यवस्था होना अनिवार्य हो जाता है, जिससे आम नागरिकों के सामान्य जन-जीवन पर कोई असर न हो व किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की हिंसक गतिविधि या सार्वजनिक संपत्ति को क्षति न पहुंचाई जा सके एतदर्थ आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की पूर्व सूचना पुलिस विभाग को होना आवश्यक है जिससे उसके सुव्यवस्थित संपादन के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके.

वैकल्पिक मार्ग:-यह वाहन अल्पना तिराहा से समानातंर मार्ग होते हुये सपना लाज तिराहा, अग्रवाल धर्मशाला, सिंधी कॉलानी से शाहजहानाबाद बजरिया तिराहा, शर्मा कॉलोनी तिराहा से तीनमोहरा होकर आवागमन कर सकेंगे एवं तलैया से लिली टॉकीज चौराहा होकर, इमामबाडा से पीरगेट, मोती मस्जिद, रेतघाट, कमलापार्क होकर आवागमन कर सकेंगे.

# प्रयागराज-हडपसर के बीच चलेगी साप्ताहिक विशेष ट्रेन

**भोपाल मंडल होकर गुजरेगी ट्रेन**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 7 मार्च. रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने प्रयागराज-हडपसर-प्रयागराज साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. यह विशेष गाड़ी निर्धारित तिथियों में कुल 16-16 फेरों के लिए संचालित की जाएगी.**

गाड़ी संख्या 04107 प्रयागराज-हडपसर विशेष प्रत्येक बुधवार को दिनांक 01.04.2026 से 15.07.2026 तक कुल 16 फेरों के लिए प्रयागराज से प्रस्थान करेगी. गाड़ी संख्या 04108 हडपसर-प्रयागराज विशेष प्रत्येक गुरुवार को 02.04.2026 से 16.07.2026 तक कुल 16 फेरों के लिए हडपसर से प्रस्थान करेगी. इस गाड़ी में विभिन्न श्रेणी के कुल 20 कोच रहेंगे.

यह गाड़ी मार्ग में शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट धाम, बांदा, महोबा, खजुराहो, छतरपुर, टीकमगढ़, ललितपुर, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, बेलापुर, अहिल्यानगर तथा दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशनों पर ठहरेगी. 04107 प्रयागराज-हडपसर विशेष प्रयागराज से 10:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 19:30 बजे हडपसर पहुंचेगी.

## पुलिस कमिश्नर ने कई मुद्दों पर किया जनसंवाद

**भोपाल.** पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने शनिवार को देर शाम थाना खजूरी सड़क थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फंदा में आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं. मार्केट क्षेत्र में ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था पर चर्चा करते हुए नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी और वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया. खजूरी सड़क के हॉटस्पॉट स्थानों का निरीक्षण कर बीट एवं माइक्रो बीट व्यवस्था की समीक्षा की तथा स्टाफ को जनता से सतत् संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए. साथ ही आईसर, एसपीए, निफ्ट व म.प्र. पुलिस अकादमी सहित प्रमुख संस्थानों के आसपास सुरक्षा व यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए.

# नरेला में अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश

## मंत्री सारंग ने दिखाई सख्ती



**भोपाल, 07 मार्च. सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को नरेला विधानसभा के वार्ड क्रमांक 69, 70 और 71 का दौरा कर शासकीय भूमि से अवैध कब्जे, मदरसे, फैक्ट्री और मांस की दुकानें हटाने के निर्देश दिए.**

क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा अवैध अतिक्रमण को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर मंत्री सारंग स्वयं मौके पर पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तृत निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान मंत्री सारंग ने शासकीय भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने नगर निगम, राजस्व, पुलिस सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अवैध अतिक्रमण पर बने स्थानों को पेयजल, विद्युत सहित किसी भी प्रकार के शासकीय कनेक्शन न दिए जाएं. उन्होंने निर्देश दिए कि यदि ऐसे स्थानों को पहले से कनेक्शन दिए गए हैं तो उन्हें तत्काल हटाया जाए तथा यह जांच की जाए कि किन अधिकारियों की अनुमति से यह कनेक्शन दिए गए. यदि किसी स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. मंत्री सारंग ने गुप्ता कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी और शहंशाह गार्डन, अशोका गार्डन क्षेत्र में पहुंचकर शासकीय भूमि की स्थिति का निरीक्षण किया और स्थानीय रहवासियों से भी चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना.

# टीटी नगर तहसील के कैचमेंट में कल से हटाया जाएगा अतिक्रमण

- अतिक्रमण हटाने तहसील कार्यालय में बैठक
- निजी भूमि पर निर्माण हटाने नोटिस होंगे जारी

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 07 मार्च. बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण हटाने चिन्हांकन और सीमांकन करने के लिए शनिवार को बैठक आयोजित की.**

यह बैठक टीटी नगर वृत्त कार्यालय में की गई. इस बैठक में तहसीलदार और नगर निगम, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे. टीटी नगर वृत्त के कैचमेंट एरिया में आने वाले अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सोमवार से शुरू की जाएगी. यह कार्रवाई बड़े तालाब के कैचमेंट में आने वाली शासकीय भूमि पर शुरू की जाएगी. अतिक्रमण की कार्रवाई के लिए टीटी नगर वृत्त में सीमांकन की तैयारियां पूरी हो चुकी है. इस कार्रवाई के लिए टी एंड सीपी द्वारा सत्यापित नक्शे के बारे में आरआई व पटवारी ने अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी. वहीं नगर निगम केझील सरंक्षण प्रभारी प्रमोद मालवीय ने तहसील से नक्शे की मांग की और कहा कि हमारे पास जो नक्शा है, उससे मिलान करेंगे. उसके बाद ही हम आगे की कार्रवाई की शुरुआत करेंगे. यह नक्शा उपलब्ध कराने के लिए तसहीलदार ने पटवारी को निर्देश दिए.



# कचरा वाहन की टक्कर से ड्राइवर हुआ घायल

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 07 मार्च. नगर निगम के भदभदा गार्वेज प्लांट पर शनिवार को एक गंभीर हादसा हो गया.**

इस हादसे में कचरा वाहन चालक के पैर गंभीर चोट आई है, जिसे उपचार के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां घायल को उपचार चल रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू नगर क्षेत्र के नगर निगम का कचरा एकत्रित करने भदाभदा गार्वेज प्लांट बना हुआ है, यह प्लांट जोन 21 के वार्ड 26 में स्थित है.

यहां कुछ क्षेत्रों की छोटी कचरा वाहन कचरा डालने आती है और प्लांट में मशीनों के माध्यम से एक ट्रक में भरकर आदमपुर खंती में डंप करने भेजा जाता है, उसी प्लांट पर जोन 21 की मैजिक कचरा वाहन एमपी 04 एलडी 7977 कचरा डालने गया था.

पवन नामक ड्राइवर ने वाहन को बैक करने के लिए वाहन की रफ्तार तेज की. इसी समय जोन 8 के वाहन चालक अरुण के केबिन की खिड़की पर वाहन की एंट्री कर था, उसको ठोक दिया. इस घटना में अरुण के एक पैर में गंभीर चोट आई है, जिससे वहां पर पहले से मौजूद कर्मचारी के सहयोग से एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उसका उपचार चल रहा है. बताया जाता है कि पवन के द्वारा पहले भी इस तरह की घटना की जा चुकी है. गंभीर घायल हुआ कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी बताया जा रहा है.

